

FRHS INDIA
Children by choice, not chance

# राजस्थान में एफआरएचएस इंडिया

फाउंडेशन फॉर रिप्रोडक्टिव हेल्थ सर्विसेस इंडिया (एफआरएचएस इंडिया) ने राजस्थान में एक जिले से शुरूआत कर वर्ष 2011 में, परिवार नियोजन संबंधी सेवाएं प्रदान करना शुरू किया था एवं तब से ही राज्य सरकार के साथ मिलकर सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों के बीच किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने का लगातार प्रयास कर रहा है। वर्तमान में, हम राज्य के 26 जिलों में स्थित 583 सरकारी केंद्रों पर 5.97 करोड़ (59.7 मिलियन) लोगों तक परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

वर्ष 2020 में, देशबंदी के बाद 25 मार्च से ही कई निजी एवं एनजीओ हेल्थकेयर प्रदाताओं ने अप्रैल में अपनी सेवाएं बंद कर दी। केवल कुछ ही क्लिनिक्स ने अप्रैल में सुरक्षित एबोर्शन और पोस्ट–एबोर्शन परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की। साथ ही, यातायात पर लगे प्रतिबंधों की वजह से राजस्थान में सुरक्षित एबोर्शन एवं परिवार नियोजन सेवाओं तक लोगों की पहुंच भी काफी कम हो गई।

हमारी 'पॉलिसी ब्रिफ ऑन इम्पैक्ट ऑफ कोविड–19 ऑन फैमिली प्लानिंग' के अनुसार, यह अनुमान लगाया गया था कि महामारी के दौरान 1,677,296 क्लाइंट को गर्भनिरोधक सेवाएं प्राप्त करने में कठिनाई होंगी जिसकी वजह से 204,301 अनचाहे गर्भ, 71,682 असुरक्षित एबोर्शन एवं 150 मातृ मृत्यु (मेटरनल डेथ) होने की संभावना है। हमारी वकालत से जुड़े प्रयासों के कारण सुरक्षित एबोर्शन को देशबंदी के समय 'आवश्यक सेवा' की सूची में शामिल किया गया जिससे राज्य में हमारे क्लाइंट को सेवाएं लेने में मदद मिली। काफी रूकावटों के बावजूद भी, वर्ष 2020 में हमने राजस्थान में 14 क्लिनिकल आउटरीच टीमें एवं 3 क्लिनिक्स के माध्यम से, 61,495 क्लाइंट को सेवाएं प्रदान की।

## राजस्थान में यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य के सूचक

**01 टोटल फर्टिलिटी रेट**

| राजस्थान | | राष्ट्रीय |
|---|---|---|
| 2.4% | > | 2.2% |

**02 गर्भनिरोधक के लिए कुल अनमेट नीड**
(स्पेसिंग के लिए अनमेट नीडः 5.7% एवं लिमिटिंग के लिए अनमेट नीडः 6.6%)

| राजस्थान | | राष्ट्रीय |
|---|---|---|
| 12.3% | < | 12.9% |

**03 आधुनिक गर्भनिरोधक की प्रचलित दर**

| राजस्थान | | राष्ट्रीय |
|---|---|---|
| 53.5% | > | 47.8% |

***Source:** International Institute for Population Sciences (IIPS) and ICF. 2017. National Family Health Survey (NFHS-4), 2015-16: India. Mumbai: IIPS.

## हमारे सर्विस डिलीवरी चैनल्स

### क्लिनिकल आउटरीच टीम (COT)

COT प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मचारियों की टीम है जो सरकारी केंद्रों पर परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, सलाह और सेवाएं (स्पेसिंग, लांग–एक्टींग रीवर्सिबल मेथड एवं स्थायी मेथड) प्रदान करती है।


### पब्लिक सेक्टर सपोर्ट (पीएसएस)

पब्लिक सेक्टर सपोर्ट मॉडल के माध्यम से राजस्थान में निर्धारित स्वास्थ्य केंद्रों पर सरकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर क्लाइंट के लिए परिवार नियोजन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार कर रहे हैं।


### फैमिली हेल्थ सेंटर्स/क्लिनिक्स

फैमिली हेल्थ सेंटर्स/क्लिनिक्स वन स्टॉप सेंटर के रूप में अजमेर, जयपुर एवं बांसवाड़ा में परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवा संबंधी सभी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराते हैं। साथ ही, सुरक्षित एबोर्शन की सेवाएं भी किफायती दरों पर उपलब्ध हैं।


## हमारे क्लाइंट एवं उनके अनुभव





क्लाइंट अपने अनुभवों से **संतुष्ट** थे





क्लाइंट जिन्हें विश्वास है की **एफआरएचएस इंडिया** ने उनकी उम्मीदों से बढ़कर कार्य किया




क्लाइंट जिन्होंने कभी **परिवार नियोजन** के तरीकें अपनाए ही नहीं




क्लाइंट जिनके पास गर्भनिरोधक विधियों के लिए कोई **अन्य प्रदाता उपलब्ध** नहीं थे




क्लाइंट जो **अत्यधिक गरीबी** में जी रहे हैं

## क्लाइंट को 2020 में उपलब्ध कराई गई सेवाएं

**59,801**
महिलाओं को नसबंदी की सेवा प्रदान की

**567**
महिलाओं को कॉपर टी सेवा प्रदान की

**533**
महिलाओं को सुरक्षित एबोर्शन सेवा प्रदान की



## 2020 में हमारे प्रभाव

**747,614**
कपल इयर्स ऑफ प्रोटेक्शन

**31,881**
अनचाहे गर्भ रोके

**11,493**
असुरक्षित एबोर्शन रोके

**24**
मातृ मृत्यु रोकीं

## उपलब्धियां एवं पुरस्कार

राजस्थान सरकार द्वारा लगातार नौवीं बार परिवार नियोजन में सर्वश्रेष्ठ एनजीओ घोषित किया गया

राजस्थान के अजमेर, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, धौलपुर, जयपुर एवं सीकर जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए जिला पुरस्कारों से सम्मानित

# परिवार नियोजन की ओर नज़रिया बदलना

क्लाइंट–केंद्रीयता हमारे सबसे महत्वपूर्ण आदर्शों में से एक है और जब बात सेवाओं के वितरण की हो तो हम इसमें छोटी से छोटी कमी होने का मौका बिल्कुल नहीं देते। हमने अक्सर महिलाओं को अपनी बहुओं को परिवार नियोजन सेवाओं के लिए लेकर आते देखा है। लेकिन अजमेर में, 'अनलॉक 1' के समय हमें एक ऐसा बदलाव देखने का अवसर मिला जो काफी रोचक और सुकून भरा था। 28 साल की लक्ष्मी (नाम बदल दिया) अपनी 41 वर्षीय सास, सरोज (नाम बदल दिया) को लेकर नसबंदी सेवाओं के लिए एफआरएचएस इंडिया के फिक्स्ड डे सर्विस पर आई थी।

इससे पहले लक्ष्मी ने एफआरएचएस इंडिया की अजमेर क्लिनिक से ट्यूबल लाईगेशन की सेवा ली थी और हमारी सेवाओं एवं देखभाल की गुणवत्ता से काफी संतुष्ट भी थी। इस प्रकार के बदलाव को देख हमारे सर्विस डिलीवरी टीम काफी उत्सुक हुए।

''महिलाओं को हर अलग प्रजननीय आयु में परिवार नियोजन की आवश्यकता होती है और जब बहुएं परिवार में अपने से बड़ों को उनके प्रजनन संबंधी विकल्पों को चुनने के लिए खुद के फैसले लेने की ओर आगे बढ़ाते हैं तो चीजें पूरे परिवार के लिए बेहतर हो जाती है'', ऐसा सरोज कहती है।

उसी एफडीएस में, हम सरीता (नाम बदल दिया) से भी मिले जो अपनी बहु, लता (नाम बदल दिया) को एफआरएचएस इंडिया की सेवाएं दिलाने लेकर आई थी। ''मैं अपनी बहु के लिए सर्वोत्तम और सुरक्षित सेवा चाहती हूँ जिसके लिए एफआरएचएस इंडिया से बेहतर मेरे लिए और कोई नहीं। यहां के टीम्स काफी मिलनसार हैं और काउंसलिंग भी काफी विस्तार में करते हैं। इसके अलावा इनकी देखभाल भी स्पष्ट रूप में नज़र आती है'', कहती है सरीता।

**अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें:** info@frhsi.org.in | **फोन:** 0141 – 2944157
**राज्य कार्यालय:** 79, एवरेस्ट विहार, ओम होटल के सामने, किंग्स रोड, निर्माण नगर, जयपुर – 302019, राजस्थान
**मुख्यालय:** बी–37, गुलमोहर पार्क, नई दिल्ली – 110049 | **फोन:** +91 11 49840000 | **वेबसाइट:** www.frhsi.org.in
**हमें फॉलो करें:** @FoundationforReproHealthServicesIndia | Foundation for Reproductive Health Services India